**कॉलेज कैम्पस:** डिग्री कॉलेजों में इस साल आत्मनिर्भरता और कौशल विकास पर होगा काम

# युवाओं को प्लेसमेंट दिलाने मल्टीनेशनल व स्किल ओरिएन्टेड कम्पनीज से टाईअप

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

**जबलपुर.** डिग्री कॉलेजों में इस सत्र से युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की राह बेहतर होगी। नई शिक्षा नीति के बाद से कॉलेजों में अब विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है। जिसके लिए स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ की भागीदारी अधिक है। नए सत्र से शिक्षा और स्वरोजगार की तस्वीर बदले, इसलिए साल भर जिला स्तरीय प्लेसमेंट ड्राइव, इंटर्नशिप प्रोग्राम और ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शेड्यूल तैयार है।



## जिले में कुल 19 कॉलेज

जिले में कुल 19 शासकीय कॉलेज हैं, जिसमें पढ़ने वाले तकरीबन 22 हजार छात्रों को इसका फायदा मिलेगा। युवाओं को कॅरियर मार्गदर्शन से जोड़ने के लिए स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना संचालित है, जिसमें इस तरह के कार्यों की रुपरेखा तैयार हो चुकी है।

## वोकेशनल और डिप्लोमा में रुझान

देश में लागू हुई नई शिक्षा नीति के बाद से अब युवाओं के सामने एक साथ अन्य विषयों को पढ़ने की आजादी भी है। ऐसे में डिग्री कोर्सेज के साथ वोकेशनल और डिप्लोमा कोर्स भी हो रहे हैं, जिससे पढ़ाई के साथ रोजगार का आधार भी तैयार हो रहा है। इस वर्ष अधिकतर छात्रों ने डिग्री के साथ डिप्लोमा की शुरुआत भी की है।

## हर माह कैम्पस ड्राइव की सौगात

कॉलेजों में सत्र की शुरुआत से ही युवाओं के लिए उन एक्टिविटीज को करवाया जा रहा है, जहां उन्हें स्वरोजगार की राह मिल सके। इसमें हर माह लगने वाली कैम्पस ड्राइव प्रमुख है। इसमें छोटी और बड़ी कम्पनीज के जरिए अब युवाओं को हायर किया जा रहा है।

## इंटर्नशिप में ग्राउंड लेवल नॉलेज

इस सत्र से इंटर्नशिप के पैटर्न में भी बदलाव आया है। इसके चलते स्मार्ट सिटी, बिजली विभाग, रेलवे और अन्य विभागों से जुड़कर छात्रों की ट्रेनिंग होंगी, जिसमें उन्हें ट्रेनिंग के साथ प्रैक्टिकल से जुड़ा ग्राउंड लेवल का नॉलेज मिलेगा। इसके साथ ही कॅरियर अवसर मेले, इंटरव्यू और प्लेसमेंट के पूर्व तैयारी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कौशल विकास कार्यशालाएं, आत्मनिर्भरता शिविर, ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम, शैक्षणिक भ्रमण में प्रैक्टिकल वर्क, इंटर्नशिप में कम्पनीज से टाइअप, मल्टीनेशनल कम्पनीज से एमओयू जैसी एक्टिविटी होंगी।



इस साल के सेशन में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के काम किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग से मिली गाइडलाइन के अनुसार पूरे साल भर में अब हर माह कॅरियर अवसर मेले का आयोजन किया जाएगा।

**प्रो. अरुण शुक्ला,** संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग